# अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

**ATAL BIHARI VAJPAYEE VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)**

www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक / 3870 / परीक्षा–गोपनीय / 2021 बिलासपुर दिनांक 6.2.2021


## समय–सारणी (पूरक / विशेष परीक्षा 2019–20)

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर से संबद्ध महाविद्यालयों / शिक्षण विभाग के स्नातक / स्नातकोत्तर / डिप्लोमा (वार्षिक / सेमेस्टर) परीक्षा सत्र 2019–20 के **नियमित / पूरक / अनुत्तीर्ण / एटीकेटी / भूतपूर्व / ऐसे परीक्षार्थी जो अपने परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट है** जिन्होने ''विशेष परीक्षा'' में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा आवेदन फार्म भरा है, उनके लिए ''विशेष परीक्षा'' का आयोजन **ऑनलाईन ''ओपन बुक पद्धति'' के माध्यम** से विश्वविद्यालय द्वारा निम्न समय–सारणी अनुसार कोविड–19 विश्वव्यापी महामारी बचाव के लिये विभिन्न समयों पर केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अंतर्गत आयोजित किया जायेगा:–

| क्र. | पाठ्यक्रम का नाम | वर्ष / सेमेस्टर | दिनाँक | परीक्षार्थियों हेतु उत्तरपुस्तिका अपने महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बी.ए.,बी.एससी.,बी.एससी. (गृह विज्ञान), बी.कॉम, बी.सी.ए., बी.बी.ए. | **भाग 03** के समस्त (नियमित / भूतपूर्व / स्वाध्यायी / पूरक परीक्षार्थियों हेतु) | 08 / 02 / 2021 (सोमवार) | 12 / 02 / 2021 |
| 2. | बी.ए.,बी.एससी.,बी.एससी. (गृह विज्ञान), बी.कॉम, बी.सी.ए. | **भाग 02** (नियमित / भूतपूर्व / स्वाध्यायी / पूरक परीक्षार्थियों हेतु) | 08 / 02 / 2021 (सोमवार) | 12 / 02 / 2021 |
| 3. | बी.ए.,बी.एससी.,बी.एससी. (गृह विज्ञान), बी.कॉम, बी.सी.ए., बी.बी.ए., | **भाग 01** (नियमित / भूतपूर्व / स्वाध्यायी / पूरक परीक्षार्थियों हेतु) | 08 / 02 / 2021 (सोमवार) | 12 / 02 / 2021 |
| 4. | पी.जी.डी.सी.ए., डी.सी.ए., . | (नियमित / भूतपूर्व) | 08 / 02 / 2021 (सोमवार) | 12 / 02 / 2021 |
| 5. | स्नातकोत्तर (वार्षिक) कक्षाओं के समस्त विषयों हेतु **(English, Hindi, Sanskrit, History, Political Sc., Sociology, Economics, Geography, Public Administration, Mathematics, M.Sc. Mathematics M.Com, B.Ed.,)** | **पूर्व** एवं **अंतिम** वर्ष के समस्त स्वाध्यायी परीक्षार्थियों हेतु | 08 / 02 / 2021 (सोमवार) | 12 / 02 / 2021 |
| 6. | **P.G. Semester (All Course)** | **II (ATKT)** **IV (Reg./ATKT)** | 09 / 02 / 2021 (मंगलवार) | 13 / 02 / 2021 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7. | UTD | U.G. | 09 / 02 / 2021 (मंगलवार) | 13 / 02 / 2021 |
| | | IV (ATKT) V-Sem. (Special ATKT) | | |
| | | P.G. | | |
| | | III-Sem. (Special ATKT) | | |
| 8. | LAW | LL.B. Part-I (Old/New course) II-Sem. (ATKT/Ex) LL.B. Part-II II-Sem. (ATKT/Ex.) LL.B. Part-III II-Sem. (Reg./ATKT/Ex.) | 09 / 02 / 2021 (मंगलवार) | 13 / 02 / 2021 |
| | | B.A. LL.B. II-Sem. (ATKT/Ex) B.A. LL.B. IV-Sem. (ATKT/Ex.) B.A. LL.B. VI-Sem. (ATKT/Ex.) | | |

परीक्षार्थियों हेतु आवश्यक दिशा–निर्देशः–

01. छात्र–छात्राएं दिनांक 05.02.2021 से ''उक्त परीक्षा'' हेतु प्रवेश पत्र **www.bilaspuruniversity.ac.in** से डाउनलोड कर सकते हैं।

02. परीक्षार्थी द्वारा उत्तरपुस्तिका के कवर पेज को विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.bilaspuruniversity.ac.in** पर **Download Answer Sheet Main Page** लिंक को क्लिक कर डाऊनलोड/प्रिंट कर उत्तरपुस्तिका के मुख्य पृष्ठ को प्रयुक्त करते हुये 32 पृष्ठो की उत्तरपुस्तिका बनाकर, उपयोग किया जाना है। मुख्य पृष्ठ में महाविद्यालय कोड अंकित करना अनिवार्य है।

03. उत्तरपुस्तिका के लिए परीक्षार्थी सामान्य **A-4** साईज का पेज (स्टेपल्ड) कर उपयोग कर सकते है। प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए अलग–अलग उत्तरपुस्तिका बनाना अनिवार्य होगा।

04. समस्त कक्षाओं के प्रश्नपत्र निर्धारित तिथि अनुसार विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.bilaspuruniversity.ac.in** पर **Download Question Paper** लिंक को क्लिक कर **(समय–प्रातः 10:30 बजे से)** परीक्षार्थी अपना प्रश्नपत्र डाउनलोड करेंगे। छात्रों को प्रश्नपत्र उनके यूजर आईडी पर भी उपलब्ध रहेगा।

05. छात्र–छात्राएं संबंधित महाविद्यालय के वेबसाईट से भी अपना प्रश्नपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

06. परीक्षार्थी अगर उक्त माध्यमों से प्रश्न पत्र प्राप्त नहीं कर पाते हैं तो विशेष परिस्थिति में निम्न संकायवार व्हाट्सप नम्बरों पर प्रश्नपत्र हेतु मैसेज कर प्रश्नपत्र प्राप्त कर सकते हैं।
**विज्ञान संकाय हेतु श्री आर. एस. ठाकुर मो.नं. 9893355608,**
**कला संकाय हेतु श्री आर.के. विश्वकर्मा, मो.नं. 9617442064,**
**वाणिज्य संकाय हेतु श्री लक्ष्मण दास पनिका मो.नं. 8839798665,**
**सेमेस्टर कक्षाओं हेतु श्री मुन्नालाल गोड़ मो.नं. 9907978503,**
**परीक्षा प्रभारी श्री प्रदीप सिंह मो.न. 9425535618 (विशेष परिस्थिति मे)**

07. कोविड–19 से उत्पन्न विषम परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एवं शासन द्वारा गाईडलाईन का पालन करते हुए परीक्षार्थी अपनी उत्तर पुस्तिकाएं महाविद्यालयों में जमा करेंगे। इस हेतु वे महाविद्यालय में संपर्क कर दिशा–निर्देश प्राप्त कर सकते हैं।

08. ऐसे समस्त परीक्षार्थी जिन्होंने विशेष परीक्षा हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरा है, उन्हें ''ओपन बुक'' आधारित परीक्षा में सम्मिलित होना होगा।

09. प्रायोगिक परीक्षा हेतु सभी परीक्षार्थी अपने महाविद्यालयों से परीक्षा में ऑनलाईन माध्यम से सम्मिलित हो सकेंगे। कृपया ऐसे परीक्षार्थी जो प्रायोगिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण हैं वे अपने महाविद्यालयों से संपर्क कर प्रायोगिक परीक्षा में शामिल होना सुनिश्चित करें।

10. परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र से विषय का मिलान कर संबंधित प्रश्न पत्र को हल करें।

11. परीक्षार्थीयों को अपनी उत्तरपुस्तिका महाविद्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा करना अनिवार्य होगा। विशेष दशा में स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी उत्तरपुस्तिका महाविद्यालय को प्रेषित की जा सकती है।

12. परीक्षार्थियों को उत्तरपुस्तिका के साथ प्रवेश पत्र की एक प्रति जमा करना अनिवार्य है।

13. उत्तरपुस्तिका स्व हस्तलिखित होना चाहिए। टाईप या फोटोकॉपी किए हुए उत्तर पुस्तिका स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

14. उत्तरपुस्तिका जमा करने पर जमा की गई उत्तरपुस्तिका की पावती संबंधित महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जावेगी।

15. परीक्षार्थियों को अगर परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या है तो महाविद्यालय के प्राचार्य से सम्पर्क कर समस्या का समाधान कर सकते है।

**महाविद्यालयों हेतु निर्देशः—**

01. प्रायोगिक परीक्षा हेतु महाविद्यालय सत्र 2019—20 की प्रायोगिक परीक्षा हेतु नियुक्त बाह्य परीक्षक से ही ऑनलाईन माध्यम से प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न करायें।

02. प्रायोगिक परीक्षा के देयकों का भुगतान विश्वविद्यालय के नियमानुसार किया जायेगा। कृपया प्राचार्य उक्त देयकों का सत्यापन कर विश्वविद्यालय को प्रेषित करेंगे।

03. प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की सूची कक्षावार, विषयवार महाविद्यालय विश्वविद्यालय के वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते है।

04. प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक ऑनलाईन माध्यम से विश्वविद्यालय के पोर्टल पर दर्ज करना होगा।

05. ओपन बुक आधारित परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाएं महाविद्यालय द्वारा ही विश्वविद्यालय के नियमानुसार संबंधित विषय के प्राध्यापक द्वारा प्राचार्य के माध्यम से उत्तरपुस्तिका प्राप्त कर महाविद्यालय में उत्तरपुस्तिका प्राप्त तिथि से 03 दिवस के भीतर मूल्यांकित कर अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाईन अपलोड किया जायेगा। उक्त विषय के प्राध्यापक न होने की स्थिति में अपने नजदीकी या अग्रणी महाविद्यालय के प्राध्यापक से मूल्यांकन कार्य कराया जा सकेगा।

06. प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य, केन्द्राध्यक्ष होंगे तथा परीक्षा के सुचारु संचालन हेतु निम्नांकित निर्देश है:—

टीपः— **महाविद्यालय के प्राचार्य परीक्षार्थियों से संबंधित समस्या के निराकरण हेतु परीक्षा नियंत्रक/परीक्षा प्रभारी से सम्पर्क कर सकते है।**

| क्र. | परीक्षा केन्द्र के अधिकारी एवं कर्मचारी | छात्रसंख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 1000 तक | 2000 तक | 2000 या अधिक |
| 1. | सहायक केन्द्राध्यक्ष | 01 | 02 | 03 |
| 2. | तृतीय वर्ग कर्मचारी (उत्तरपुस्तिका संग्रहण हेतु) | 01 | 02 | 03 |
| 3. | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 01 | 02 | 03 |

वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष हेतु 300 रुपये प्रतिदिन, सहायक केन्द्राध्यक्ष हेतु 150 रुपये प्रतिदिन, तृतीय वर्ग कर्मचारी हेतु 100 रुपये प्रतिदिन तथा चतुर्थ वर्ग कर्मचारी के लिए 60 रुपये प्रतिदिन पारिश्रमिक देय होगा। किसी भी स्थिति में परीक्षा के संचालन के लिए विशेष परीक्षा हेतु 15 दिन से अधिक के पारिश्रमिक की पात्रता नहीं होगी।

*किसी भी प्रकार की असुविधा की स्थिति में विश्वविद्यालय के हेल्पलाईन नं. 8889928648 पर संपर्क किया जा सकता है।*

आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय
बिलासपुर।

पृ. क्रमांक / 3871 / परीक्षा–गोपनीय / 2021 बिलासपुर दिनांक 4. 2. 2021

01. माननीय कुलपति महोदय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
02. कुलसचिव महोदय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
03. वित्ताधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
04. प्राचार्य समस्त, संबद्ध महाविद्यालय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ प्रेषित कृपया महाविद्यालय सूचना पटल पर छात्र/छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें एवं सूचित करें।
05. संपादक/संवाददाता, दैनिक .............................. समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
06. विश्वविद्यालय सूचना पटल/वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

04/02/2021

अधीक्षक (परीक्षा)